## धारा (4) (1) ख (iii)

## विनिश्चय करने की प्रक्रिया में पालन की जाने वाली प्रक्रिया जिसमें पर्यवेक्षण और उत्तरदायित्व के माध्यम सम्मिलित है।

### वेतन

प्रत्येक माह में CFMS के माध्यम से online वेतन विपत्र तैयार कर कोषागार भेजा जाता है। कोषागार से विपत्र पारित होने पर संबंधित कर्मचारी के बैंक खाते में जमा कर दिया जाता है।

### प्राप्त एवं निर्गत

निदेशालय में जो भी पत्र अथवा आवेदन प्राप्त होते है इसे वितरण शाखा के माध्यम से संबंधित शाखा में निदेशक के संक्षिप्त हस्ताक्षर के उपरान्त भेज दिया जाता है उसके बाद संबंधित शाखा द्वारा उस पर कार्रवाई अपनाई जाती है। जिसे क्रमबद्ध तरीका से उपस्थापित करते हुए निर्णय लिया जाता है। निर्णय के बाद जो आदेश निदेश होते है निर्गत शाखा के माध्यम से निर्गत किया जाता है।

### बजट एवं आवंटन

प्रत्येक वर्ष योजना, गैरयोजना से संबंधित बजट शाखा द्वारा तैयार कर वित्त विभाग के सहमति से बजट उपबंध की जाती है। योजना एवं गैर योजना के प्रभारी पदाधिकारी द्वारा विभागीय कार्यक्रम से संबंधित योजनाओं एवं गैरयोजनाओं का प्रस्ताव निदेशक एवं सचिव के माध्यम से वित्त विभाग की सहमति प्राप्त की जाती है। वित्त विभाग की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त बजट प्रावधान के अनुरूप आवंटन संबंधित संस्थानों एवं पदाधिकारियों को उपलब्ध करायी जाती है।

### व्यय

उपलब्ध कराये गये आवंटन के अनुरूप संबंधित पदाधिकारी वेतन एवं अन्य मद में आवंटित राशि के अनुरूप निकासी करते है एवं निकासी के पश्चात् व्यय प्रतिवेदन निदेशक पशुपालन को समर्पित करते है।

### पर्यवेक्षण एवं प्रबोधन

विभागीय जो भी कार्यक्रम चल रहा है उसका पर्यवेक्षण क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा एवं क्षेत्रीय स्तर पर की जाती है। प्रत्येक माह में क्षेत्रीय स्तर पर बैठक कर कार्यरत सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में

की जाती है एवं तत् संबंधी प्रतिवेदन 9 क्षेत्रीय कार्यालय निदेशालय को उपलब्ध कराते है। निदेशालय स्तर पर भी विभागीय बैठक प्रतिमाह आयोजित कर विभागीय कार्यो की समीक्षा की जाती है।समीक्षोपरान्त विभागीय सभी कार्यो से संबंधित प्रतिवेदन को समेकित कर सरकार को वस्तुस्थिति से अवगत कराने के लिए प्रेषित की जाती है।

**<u>स्थानान्तरण एवं प्रोन्नति</u>**

समय–समय पर पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानान्तरण एवं प्रोन्नति नियमानुसार की जाती है। अन्य कार्य भी नियमों एवं प्रावधानों के अनुरूप की जाती है।